**दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 (शुक्रवार) को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में सम्पन्न विश्वविद्यालय कार्य परिषद की 33वीं बैठक** (By Circulation) **का कार्यवृत्त।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी,<br>कुलपति,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रोफेसर पी0एस0 बिष्ट,<br>भौतिक विज्ञान विभाग,<br>सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय,<br>अल्मोड़ा। | सदस्य |
| 3. | प्रोफेसर एल0एन0 कोली,<br>लेखा एवं विधि विभाग,<br>वाणिज्य संकाय, दयालबाग शैक्षणिक संस्थान, दयालबाग,<br>आगरा-282005, उत्तर प्रदेश। | सदस्य |
| 4. | श्री रमेश चन्द्र बिन्जोला,<br>अध्यक्ष, हिमालयन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्री,<br>नवाबी रोड़, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 5. | श्री पवन अग्रवाल,<br>प्रबन्ध निदेशक,<br>नैनी ग्रुप, नैनी पेपर्स लि0उ एवं नैनी टिश्यूज लि0,<br>काशीपुर, उधमसिंहनगर। | सदस्य |
| 6. | प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र,<br>निदेशक,<br>प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 7. | प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे,<br>निदेशक,<br>समाज विज्ञान विद्याशाखा,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |
| 8. | प्रोफेसर दुर्गेश पंत,<br>निदेशक,<br>कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विद्याशाखा,<br>उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी। | सदस्य |

9. डॉ0 वीरेन्द्र कुमार, सदस्य
सहायक प्राध्यापक, कृषि,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

10. डॉ0 एच0एस0 नयाल, सदस्य सचिव
कुलसचिव,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

**प्रस्ताव संख्या-33.01- विश्वविद्यालय में षष्टम दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने से पूर्व दिनांक 13.12.2021 को सम्पन्न विद्या परिषद की 22वीं बैठक (By Circulation) की संस्तुतियों का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय 10 में विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष एक बार दीक्षांत समारोह आयोजित किये जाने की व्यवस्था वर्णित है। इस परिनियम के अन्तर्गत विनिर्मित अध्यादेश के अध्याय ग्यारह में भी दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने से संबंधित विस्तृत उल्लेख है।

परिनियमावली की उक्त व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय का षष्टम दीक्षान्त समारोह **दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 (मंगलवार)** को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। नियत तिथि के संबंध में माननीय श्री राज्यपाल/ कुलाधिपति महोदय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है।

दीक्षान्त समारोह में शैक्षणिक सत्र 2019-20 (दिसम्बर एवं जून) तथा शैक्षणिक सत्र 2020-21 (दिसम्बर एवं जून) में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों एवं शोध उपाधि धारकों को उपाधियॉ प्रदान की जानी है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा ऐसे शोधार्थी जिनकी मौखिक परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है, को शोध उपाधि प्रदान की जायेगी।

उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय-आठ **'मानद उपाधि प्रदान करना'** (धारा 5(चार)) परिनियम 36(4) में वर्णित व्यवस्थानुसार उत्तराखण्ड राज्य के 02 विशिष्ट व्यक्तियों- **श्री सचिदानन्द भारती** एवं **श्री अनूप शाह** को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विश्वविद्यालय के षष्टम दीक्षान्त समारोह में **मानद उपाधि (Honoris Causa)** प्रदान की जानी प्रस्तावित है।

उक्तानुसार उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय का षष्टम दीक्षान्त समारोह दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 को आयोजित किये जाने संबंधी माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति जी से प्राप्त स्वीकृति के क्रम में विश्वविद्यालय विद्या परिषद की 22वीं बैठक (By Circulation) दिनांक 13 दिसम्बर, 2021 की संस्तुतियॉ कार्य परिषद की 33वीं बैठक दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 (By Circulation) के माध्यम से समस्त सदस्यों को अनुमोदनार्थ प्रेषित की गयी। तद्क्रम में कार्य परिषद द्वारा विद्या परिषद की संस्तुतियों से सहमत होते हुए प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कुलसचिव/सदस्य सचिव, कार्य परिषद** **कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद**

कुलसचिव
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)



कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)